अन्नपूर्णा देवी
ANNPURNA DEVI

महिला एवं बाल विकास मंत्री
भारत सरकार
Minister of Women & Child Development
Government of India

सत्यमेव जयते

DO No. 70/M/cab/2025
Minister/WCD/2024-25

07 OCT 2025

**आदरणीय श्री अश्विनी वैष्णव जी,**

यह पत्र हावड़ा–गया वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन सं0–12303/12304) को नए मार्ग से परिचालित करते हुए सप्ताह में कम से कम तीन दिन मधुपुर, न्यू गिरिडीह एवं कोडरमा होकर कराये जाने हेतु आपके अवलोकनार्थ प्रेषित है।

अवगत कराना है कि न्यू गिरिडीह, मधुपुर एवं कोडरमा क्षेत्र सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक और औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां पर कोयला, लौह, अभ्रक (माइका), स्टोन क्रशर, सीमेंट व अन्य खनिज आधारित उद्योग सीधे कोलकाता के व्यापारिक नेटवर्क से जुड़े हैं। अधिकांश उद्योगों के प्रमुख कार्यालय (Head Offices) कोलकाता में स्थित हैं। न्यू गिरिडीह से कोलकाता की तीव्र, सुरक्षित एवं नियमित रेल कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है। हावड़ा–गया वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन केवल हावड़ा से गया तक चलती है और यह मधुपुर–गिरिडीह–धनवार जैसे औद्योगिक व जनघनत्व वाले क्षेत्रों को नहीं जोड़ती। जनता की सुविधा और क्षेत्रीय विकास को दृष्टिगत रखते हुए इस ट्रेन का मार्ग सप्ताह में तीन दिन हावड़ा जं0 से दुर्गापुर, आसनसोल, मधुपुर जं0, न्यू गिरिडीह, धनवार, कोडरमा जं0 होते हुए गया जं0 के लिए परिचालित किये जाने से यह नया मार्ग न केवल मधुपुर, न्यू गिरिडीह, धनवार जैसे क्षेत्रों को सीधे कोलकाता एवं गया से जोड़ देगा, बल्कि औद्योगिक, धार्मिक (बोध गया), एवं शैक्षणिक दृष्टि से भी पूरे क्षेत्र के विकास में अभूतपूर्व योगदान देगा।

आपसे अनुरोध है कि जनहित में हावड़ा–गया वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन सं0–12303/12304) का मार्ग विस्तार करते हुए सप्ताह में कम से कम तीन दिन मधुपुर, गिरिडीह, धनवार एवं कोडरमा होकर संचालित कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

सादर,

भवदीया,

(अन्नपूर्णा देवी)

**श्री अश्विनी वैष्णव,**
माननीय मंत्री रेल, सूचना एवं प्रसारण,
इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
भारत सरकार,
नई दिल्ली।

Room No 301, 'A' Wing, Shastri Bhawan, New Delhi 110001, Tel. No.: 011-23071331
E-mail: min-wcd@gov.in